Rev. Fr. Ronald, our parish priest, offered the Mass and extended heartfelt wishes to all the youth, sharing a message of encouragement and hope. In his homily, he skillfully wove together words of inspiration, urging the youth to embrace their age with enthusiasm while nurturing their faith in God and commitment to the Church. Our parish sisters played a sheet-anchored role in grooming and guiding the youth, ensuring that the day was truly remarkable.

The day was filled with a profound sense of devotion and community spirit among all who gathered in the church. The celebration concluded with a joyful cake-cutting ceremony, where warm wishes and greetings were exchanged, leaving everyone with a sense of fulfillment and spiritual renewal.

GRANDPARENTS' DAY CELEBRATION

St. Pius X Church, Jhalamand

"Nobody can do for little children what grandparents do. Grandparents sort of sprinkle stardust over the lives of little children".



Grandparents are the family's greatest treasure, the founders of a loving legacy, the greatest storytellers, and the keepers of tradition. Grandparents are the family's strong foundation. Grandparents possess a unique power to help the generations to overcome the difficult paths with so much ease, through their valuable guidance. To honour them St. Pius X parish Jhalamand celebrated Grandparents Day on Friday, 28th July 2024 with great enthusiasm and fervor.

The celebration began with a Holy mass celebrated by parish priest Fr. David John. In the homily Fr. David highlighted the role of Grandparents in the family. Special liturgy was organized and grandparents were felicitated with the gift by the parish priest. The liturgy concluded with the special blessing for all the grandparents.

After the Mass we had small get together sharing the breakfast.

Sr. Flory D'Monte

St. Mother Teresa Church, Kudi

The parishioners of St. Mother Theresa Church, Kudi celebrated the grandparents' day on 28th July 2024. The day was filled with love, gratitude, and appreciation for the grandparents.



The Eucharistic celebration began with a special procession by the grandparents followed by altar servers, Rev. Fr. Lourdu Joseph and Rev.Fr. Shubham Peter Baryawal. When the Grandparents reached the altar, they were welcomed with arathi and thilak. A beautiful introduction was given by Miss. Angela. It reminded us of the love, wisdom and experience they share with us, enriching our lives.

Rev. Fr. Lourdu Joseph was the main celebrant and Rev Fr. Shubham Peter Baryawal in his homily emphasised on the invaluable role of grandparents in our lives and how it promoted intergenerational bonding.

During the service, a special offertory was led by the grandparents, symbolizing their commitment to seeking blessings from the Almighty for the wonderful work they do for their families. The melodious singing by the church choir enhanced the beauty of the celebration.

After the Holy Communion, a special thanks giving prayer was recited by Miss Amita Tirkey for our beloved grandparents.

We felicitated our Grandparents by cutting the cake at the entrance of the Church and presented a gift to each Grandparent for their valuable contribution to their family and the Church. At the end the parishioners were served cold drinks and snacks.

- Mrs. Stella David

St. Teresa's Jodhpur

On Sunday, August 28th, St. Theresa's Church Jodhpur celebrated Grandparents' Day.

The celebration began with Holy Mass at 8.30 am, during which all the Grandparents were given a little badge as a token of remembrance and then brought in procession to the sanctuary. The Mass was celebrated by Fr. Aubert Carvalho with Fr. Elias Niranjan as con-celebrant. The youth planned the liturgy and saw to every detail. In the homily Fr. Aubert told us of the importance of Grandparents in our families and urged us to be insipid by their lives and experiences. There were prayers offered during the Prayers of the Faithful for Grandparents, their families and all the Parishioners, then the Grandparents brought their gifts at the offertory.

After the final blessing, Cindrella Didi thanked all, specially the Grandparents for their love and service towards the Church, Family and Society. At the end of the Mass all the Grandparents came forward for a special blessing and after the final hymn all proceeded towards the entrance of the church for the cutting of the cake by the two senior most Grandparents. It was followed by the distribution of snacks and cold drinks, arranged by the youth and some sponsors. We extend our heartfelt wishes for a long and happy life to all the Grandparents around the world. Long live our Grandparents.

- Ms. Ruth Shibu

St. Vianney Day Celebration

St. Teresa Church, Jodhpur

Our Parish is known for its support to the Priests, so on Vianney Sunday Fr. Subham



Baryawal was invited to celebrate Mass in our Parish – it was his first Mass in the Parish. As he reached the sanctuary, Fr. Subham was garlanded by little children and bouquets were offered by the youth, MSA and SFN Sisters and the Parish Council.

The Parish Children and the Youth took up the Liturgy & the Choir. With a young Priest as the Main Celebrant and the young ones singing, reading, praying the Prayers of the Faithful and bringing the gifts the atmosphere was vibrant and the participation too was lively.

At the end of the Mass the Priests (four priests) cut a cake, were felicitated with potted sapling and Fr. Subham was gifted a token of appreciation by the Parish and then as the custom goes all came forward to kiss the hands of the new Priest. All then proceeded for a snack outside the church Hall. It became a memorable day for the Priests Fr. Aubert, Fr. Cantius, Fr. Elias Niranjan and Fr. Shubham. God Bless our Priests.

KOTA DEANERY

St. John Mary Vianney

A Sacred Vessel of Honour and Grace

"The priest is not a priest of himself; He is for you."

A servant of the divine
With compassion, he does shine.
Guiding his flock with gentle care,
And offering solace beyond compare.
His heart is full of kindness true
His spirit, a beacon, shining through
In times of Joy, in times of strife
He offers comfort, a precious life.
His presence whispers hope and peace
A calming balm, for life's wild release.
In his eyes, a deep wisdom shines,
Reflecting the beauty, that's truly divine.

An intercessor for the souls that desperately sob, seeking the mercy and love that heals the afflicted. The priest, the Christ-bearer, becomes the compassionate confessor, the hope of the devastated.

Saint John Mary Vianney, a devout and humble priest, has been an inspiration for those yearning for a spiritual life. Despite lacking in many abilities, his piety and spiritual power transformed a village of non-believers, for which, to this day, the Church commemorates him and his legacy on his feast day, August 4, 2024.

St. Paul's Church, Vallabh Nagar, Kota, celebrated the feast of Saint John Mary Vianney, which commenced with the celebration of the Holy Eucharist, where the liturgy was led by St. Francis of Assisi zone. The Priesthood is the love of the heart of Jesus. When you see a priest, think of our Lord Jesus Christ, states Saint John Vianney. It was a day of priests, so the Eucharistic celebration included an eloquent and precise explanation of the life of a saint and the life of a priest, and it was followed by prayers



for the renewal and strengthening of the faith of all the priests in the parish, diocese, and the world.

A short and sweet cake-cutting ceremony followed the Eucharistic celebration. A bouquet was presented by the members of the Women's Commission as a token of gratitude and appreciation for the tireless service of our Parish Priest Rev. Father Joseph Crasta, and the Assist. Parish Priest Rev. Fr. Nithin Stellus.

- Neetu Liz Jose



Grandparents

The True Gems

St. Paul's Church, Vallabh Nagar, Kota

Every wrinkle, every smile,
Narrates a story covered at each mile.
Sharing seasons and imparting lessons,
You shaped our lives with your essence.
Your nurturing hands and benevolent heart,
Strengthens us giving us a great head start.
Your wisdom is our guiding light,
In the brightest mornings or twilight.
Your laughter is a sweet song,
A melody that will echo lifelong.
Your love gives us a feeling of plenitude,
For which we will always express our gratitude.

"Children's children are a crown to the aged and parents are the pride of their children." (Proverbs 17:6)

The Bible verse tells us that grandparents wear their grandkids' love and joy like a sparkling crown. Grandkids are the light of their lives and grandparents light up the lives of their grandkids. Yes, grandparents are a true gift of God. The wrinkle on their golden face, those small glittery eyes and the silver hair explain the real story behind the journey of their life. Grandparents can impact the life of their grandkids positively by imparting moral and social values that are required at the growing stage. They provide acceptance, patience, love, stability, wisdom, fun and support to their grandkids. No matter how old they are or how hard it might be for them to run after the little ones, they will never show their incapacity. Kids recognise their unconditional love and share a unique and special bond with them which can't be expressed in words.

But, in today's challenging world, where parents are working full time, maybe in different states or countries, kids are missing out on the quality time they can spend with their grandparents. At times, when grandparents are within reach, they are considered as boring or useless. There are some elderly, who are left behind by their children just because they have become old and require a lot of care. There are millions of reasons why the elderly have been cast off.

Psalms 71:9 says, "Do not cast me off in my old age" which is the theme of the fourth World Day for Grandparents and the Elderly.

On this occasion in his message, Pope Francis recognises the situation of loneliness of many elderly people today and assures them that God never abandons his children, never.

He says that we must listen to the voice of the elderly who say, " Do not abandon me!" The Pope has urged all of us to strengthen the alliance between grandparents and grandchildren, between the young and the old. Our future depends a great deal on how grandparents and

grandchildren learn to live together.

Thus, Saint Paul's Church, Vallabh Nagar, Kota, celebrated World Day of Grandparents and the Elderly on 28th July 2024 to express love and gratitude for all the grandparents and the elderly. The Holy Mass began with a beautiful procession of all the grandparents in the church. The liturgy was conducted by the children who made the celebration more meaningful. Special prayers were dedicated for the good health and wellness of the grandparents. The day turned into a memorable one with the cutting of cake which represented the joy and sweetness of life. The Parish Priest, Rev. Fr. Joseph Crasta and The Assistant Parish Priest, Rev. Fr. Nithin Stellus, offered presents to all the grandparents and made their day more precious.

Indeed, it was a day to remember and also to realise that 'The old are the precious gem in the centre of the household'.

- Mrs. Rini Manish

St. Joseph the Worker Church, Kota

Grandparents Day at St. Joseph the Worker Church was a heartwarming and joyous occasion celebrated on Sunday, 28th July in honor of St Joachim & St Anne the parents of Mother Mary & the Grandparents of Jesus. The liturgy & celebrations were very well planned & organized by our parish youth under the guidance of Rev. Fr. Martin Anto & Rev. Fr Sijin.

The day began with a special Holy Mass con-celebrated by Fr. Martin Anto & Fr. Sijin dedicated to grandparents, where special blessings and intentions were offered. The melodious voices of our parish youth choir elevated the level of praise & worship during mass. Soon after mass everyone present were treated to a sumptuous breakfast in the church premises, thus fostering a sense of community togetherness.



The grandparents were once again made to feel elated by giving them a royal entry in procession from the rear entrance of the hall handing each grandparent a coupon entitling them to a series of lucky draws. The procession moved through a well decorated aisle lined on either sides by our youth and parishioners showering the grandparents with petals & confetti. A special acknowledgment to two little children of our parish Osheen & Albin dressed as St. Anne and St. Joachim, they also walked down the aisle to be seated on stage with baby Mary whose presence added a significant touch to the event.

The talented youth of the parish exhibited an incredible display of performances, showcasing their skills and entertaining the audience. Adding to the excitement, a series of surprise lucky draws was held for the grandparents, bringing additional cheer joy and smiles to the event. The day concluded with everyone enjoying ice cream, before they left for their homes, thus wrapping up & taking back memories of a fabulous celebration.

We extend our heartfelt thanks to Rev. Father Martin Anto, Father Sijin, and the talented youth for organizing such a beautiful program. It was a day filled with warmth, love, and joy, enjoyed by all who attended.

- Cheryl Anthony D'silva

सुकेत समाचार

पल्ली पुरोहित का जन्म दिवस : 6 जुलाई 2024 संत माईकल चर्च में हमारे पल्ली पुरोहित फादर विशाल रेमंड का जन्म दिन मनाया गया। जिसमे पल्ली के लोगों ने मिस्सा में भाग लेकर फादर के लिए प्रार्थना की व मिस्सा के बाद फादर को माला अर्पण कर फादर द्वारा केक काटा गया और सभी ने फादर को जन्म दिन की बधाई दी। अंत में सभी का मुंह मीठा कराया गया।

7 जुलाई 2024 रविवार सभी विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से पवित्र आत्मा की मिस्सा बलीदान चढ़ाया गया। बच्चों पर पवित्र आत्मा की आशीष की प्रार्थना की गई व उनके पढ़ाई हेतु सामग्री पर आशीष दी गई।

अच्छी बारिश हेतु जुलूस : 13 जुलाई 2024 शाम 5:00 बजे संत मिखायल चर्च में गांव में अच्छी बारिश हेतु जुलूस निकाला गया। लोगों ने भक्ति पूर्वक इस जुलूस में भाग लिया व चर्च में फादर द्वारा अंतिम आशीष के साथ जुलूस का समापन किया गया।

मिस्सा में जो भी पाठ पढ़ते है उनकी नियुक्ति व पाठकों का अनुष्ठान किया गया। फादर द्वारा पाठकों को समझाया गया पाठ पढ़ने के लिए अपने आपको अध्यात्मिक रूप से तैयार होकर आने को कहा साथ ही उचित वस्त्र पहनकर आने को कहा गया। पाठ को धीरे व स्पष्ट रूप से पढ़ने को कहा गया।

21 जुलाई 2024 मिस्सा के बाद क्रूस पर आशीष दी गई। अधिकतर पल्लीवासी खेती पर निर्भर है खेत व फसलों पर ईश्वर की आशीष बने रहे, इसलिए पल्लीवासी अपने साथ मिस्सा में क्रूस लेकर आए क्रूस पर आशीष दी गई व पल्लीवासियों ने उस क्रूस को अपनी जमीन व खेतों में लगाया।

धर्म शिक्षा में उचित स्थान प्राप्त करने पर अक्षिता बाग्रावट व आदिति को चर्च में उपहार द्वारा प्रोत्साहित किया गया।

ग्राण्डपेरेन्ट्स डे : 28 जुलाई संत मिखायल चर्च में संत ज्वाखीम अन्ना के पर्व के उपलक्ष में दादा – दादी व नाना – नानी पर्व मनाया गया उनके लिए विशेष रूप से प्रार्थना की गई व मिस्सा के बाद बच्चो द्वारा उन्हे बच्चो द्वारा उपहार व हतममजपदह ब्तक दिए गए।

2 अगस्त संत तेरेसा के पर्व पर संत मिखायल चर्च में सभी कार्यरत संत तेरेसा की सिस्टर्स के लिए विशेष रूप से मिस्सा अर्पित की गई जिसमे रामगंजमंडी सातलखेड़ी के व अन्य सिस्टर्स ने मिस्सा में भाग लिया और मधुर गीतों द्वारा रोनक बढ़ाई। अंत में सभी सिस्टर्स द्वारा केक काटा गया व एक दूसरे को खिला कर बधाई दी गई व अंत में मिस्सा के बाद पल्लीवासियों द्वारा सिस्टर्स को बधाई दी गई और पल्ली वासियों का मुंह मीठा कराया गया।

संत जॉन वियानी पर्व : 4 अगस्त संत जॉन मेरी वियानी के पर्व पर सभी पल्ली पुरोहित व पुरोहितों का पर्व मनाया गया सभी पल्लीवासियों ने मिस्सा में भाग लेकर पुरोहितों के लिए मिस्सा चड़वाई व उनके लिए प्रार्थना की गई मिस्सा के बाद पुरोहित द्वारा केक काटा गया और बधाई दी गई गई अंत मे सभी पल्ली वासियों का मुंह मीठा कराया गया।

राष्ट्रीय युवा दिवस : 11 अगस्त राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष में युवक युवतियों द्वारा मिस्सा का आयोजन किया गया सभी यूथ ने प्रवेश जुलूस में मोमबत्ती जलाकर जुलूस में चर्च में प्रवेश किया व ज्योति के प्रतीक के रूप में मोमबत्ती पवित्र वेदी के सामने अर्पित की।

मिस्सा के बाद युवक युवतियों के लिए खेल कूद का आयोजन किया गया , डांस अन्य मनोरजन कार्यक्रम किए गए दोपहर के भोजन की व्यवस्था की गई भोजन युवक युवतियों द्वारा ही तैयार किया

गया अंत में सभी युवक युवतियों ने साथ बैठ कर भोजन का आनंद उठाया।

18 अगस्त वेदी सेवक सेविकाओं के दिन के रूप में मनाया गया मिस्सा का संचालन वेदी सेवक सेविकाओं द्वारा किया गया सभी वेदी सेवक सेविकाओं ने प्रवेश गीत के साथ जुलुस में चर्च में प्रवेश किया उनके लिए विशेष रूप से प्रार्थना की गई। मिस्सा के बाद सभी वेदी सेवक सेविकाओं के लिए नाश्ते का बंदोबस्त किया गया।

पल्ली पर्व : संत मिखायल पर्व के उपलक्ष में मिखेलपुरा पेरिश में खेल कूद व अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है 18 अगस्त को छोटे बच्चो से लेकर 8जी क्लास तक के बच्चो के लिए खेल खुद अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमे बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया व आनंद उठाया।



अमर वचन

वर्ष का बाईसवां इतवार (1 सितम्बर)

विधि वि. ग्रन्थ 4:1-2, 6-8; याकूब 1:17-18, 21-22, 27; मारकुस 7:1-8,14-15,21-23

चिन्तन :

आज के पाठ हमें हमारे विश्वास की प्रामाणिकता पर विचार करने के लिए आमंत्रित करते हैं। वे हमें केवल परमेश्वर के वचन को सुनने के लिए नहीं, बल्कि उसे अपने दैनिक जीवन में जीने के लिए चुनौती देते हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि हमारे कार्य हमारे विश्वासों के साथ मेल खाते हैं।

आज का पहला पाठ में, मूसा इस्राएलियों से आग्रह करते हैं कि वे परमेश्वर द्वारा दी गई विधियों और नियमों का पालन करें। वे परमेश्वर की आज्ञाओं में किसी भी तरह की कमी या बढ़ोतरी न करने के महत्व पर जोर देते हैं। यह निर्देश परमेश्वर के वचन की शुद्धता को बनाए रखने और पूर्ण रूप से उसका पालन करने का आह्वान है। हमारे जीवन में, यह आज्ञाकारिता हमें मसीह और कलीसिया की शिक्षाओं के प्रति विश्वासपूर्ण बने रहने के लिए कहती है। इसका अर्थ है कि हम अपनी पसंद के अनुसार परमेश्वर के वचन को कम या बदलने के बजाय उसे पूरी तरह से स्वीकार करें, भले ही यह हमें चुनौती दे। परमेश्वर के वचन का पालन करना केवल नियमों का पालन करना नहीं है, बल्कि यह जीवन के एक ऐसे तरीके को अपनाना है जो परमेश्वर की बुद्धि और प्रेम को प्रतिबिंबित करता है।

आज का दूसरा पाठ के माध्यम से संत याकूब हमें याद दिलाते हैं कि हर अच्छा और परिपूर्ण उपहार ईश्वर से प्राप्त होता है। इन परिपूर्ण उपहारों में से एक सत्य का वचन है, जिसके माध्यम से हमें

नया जन्म मिला है। हालांकि, याकूब चेतावनी देते हैं कि केवल वचन को सुनना ही पर्याप्त नहीं है; हमें वचन के अनुसार कार्य करना भी चाहिए। यह खंड हमारे दैनिक कार्यों में परमेश्वर के वचन को समाहित करने के महत्व को दर्शाता है। उपदेश सुनना, बाइबल पढ़ना, या धार्मिक सेवाओं में भाग लेना आसान है, लेकिन वास्तविक चुनौती यह है कि इन अनुभवों से हमें कैसे रूपांतरित किया जाता है। वचन के अनुसार कार्य करना मसीह की शिक्षाओं को हमारे संबंधों, हमारे कार्यों, और दूसरों की सेवा में, विशेष रूप से जरूरतमंदों की सेवा में, अपनाना है।

आज के सुसमाचार में, यीशु फरीसियों और शास्त्रियों का सामना करते हैं, जो बाहरी अनुष्ठानों पर जोर देते हैं, जबकि वे कानून के गहरे, नैतिक पहलुओं की उपेक्षा करते हैं। वे सिखाते हैं कि किसी व्यक्ति को अशुद्ध करने वाली चीजें वे नहीं हैं जो अंदर जाती हैं, बल्कि वे हैं जो हृदय से निकलती हैं। यीशु उन विभिन्न बुराइयों की सूची देते हैं जो भीतर से उत्पन्न होती हैं और व्यक्ति को दूषित करती हैं। यीशु हमें अपने दिलों और उद्देश्यों की जांच करने के लिए बुलाते हैं। सच्ची शुद्धता बाहरी दिखावे या केवल अनुष्ठानों का कठोरता से पालन करने के बारे में नहीं है, बल्कि यह हमारे हृदय की स्थिति के बारे में है। क्या हमारे दिल प्यार, करुणा और विनम्रता से भरे हैं, या वे घमंड, द्वेष और स्वार्थ से दूषित हैं? यह सुसमाचार हमें आंतरिक रूपांतरण पर ध्यान केंद्रित करने के लिए चुनौती देता है, न कि केवल बाहरी अनुपालन पर।

आज के पाठ हमें सच्चाई के साथ अपने विश्वास को जीने के लिए चुनौती देते हैं। वे हमें याद दिलाते हैं कि परमेश्वर के प्रति सच्ची आज्ञाकारिता में उसके वचन का विश्वासपूर्वक पालन, उस वचन पर कार्य करने की प्रतिबद्धता, और हृदय की शुद्धता शामिल है, जो केवल बाहरी दिखावे से परे है। जैसे ही हम यहाँ से विदा होते हैं, आइए हम परमेश्वर से यह अनुग्रह माँगें कि हम केवल सुनने वाले ही नहीं, बल्कि उसके वचन को करने वाले बनें, अपने विश्वास को इस तरह से जीते हुए जो दुनिया में उसके प्रेम और सत्य को प्रतिबिंबित करता है। आमीन।

वर्ष का तेइसवां इतवार (8 सितम्बर)

यशायाह 4:1-2, 6-8; याकूब 2:1-5; मारकुस 7:31-37

आज के पाठ परमेश्वर की चंगाई, न्याय, और समावेश की इच्छा के दिल को उजागर करते हैं। ये पाठ दिखाते हैं कि कैसे परमेश्वर का प्रेम बाधाओं को तोड़ता है, गरिमा को बहाल करता है, और सभी लोगों को अपने राज्य में आमंत्रित करता है। जब हम इन पाठों पर विचार करते हैं, तो हमें अपने दिल को परमेश्वर के प्रेम की परिवर्तनकारी शक्ति के लिए खोलने और उस प्रेम को अपने जीवन में अपनाने के लिए बुलाया जाता है। पहले पाठ में, यशायाह नबी डर और दुखी लोगों के लिए आशा का संदेश लाते हैं। वे घोषणा करते हैं कि परमेश्वर प्रतिशोध और दैवी न्याय के साथ आएंगे, लेकिन ऐसा नहीं जिससे विनाश हो, बल्कि ऐसा जिससे उद्धार हो। अंधों की आँखें खुलेंगी, बहिरों के कान बंद होने से मुक्त होंगे, और लंगड़े हिरण की तरह कूदेंगे। यह खंड हमारे जीवन और दुनिया में टूटे हुए सभी क्षेत्रों में परमेश्वर की चंगाई और पुनर्स्थापना के वादे की एक शक्तिशाली याद दिलाता है। चाहे हम शारीरिक, भावनात्मक, या आध्यात्मिक चुनौतियों का सामना कर रहे हों, परमेश्वर का प्रेम चंगाई देने की शक्ति रखता है। हमें परमेश्वर के वादे पर विश्वास करने और इस आशा के संदेश को उन लोगों तक पहुँचाने के लिए बुलाया जाता है, जो विशेष रूप से हाशिए पर या भूले हुए महसूस करते हैं।

दूसरे पाठ में, याकूब प्रारंभिक ईसाइयों को यह जांचने की चुनौती देते हैं कि वे दूसरों के साथ कैसा व्यवहार करते हैं, विशेष रूप से गरीबों के साथ। वे धनवानों के प्रति पक्षपात दिखाने के खिलाफ चेतावनी देते हैं, खासकर गरीबों की कीमत पर। याकूब यह बताते हैं कि परमेश्वर ने दुनिया की नजरों में गरीबों को विश्वास में धनी और राज्य के वारिस बनने के लिए चुना है।

याकूब के शब्द हमें हमारे समुदायों में दूसरों के साथ व्यवहार करने के तरीके पर विचार करने की चुनौती देते हैं। क्या हम लोगों को उनके सामाजिक दर्जे, धन, या दिखावे के आधार पर महत्व देते हैं? या क्या हम उन्हें परमेश्वर की नजरों से देखते हैंकृपरमेश्वर के प्रिय बच्चे, गरिमा और सम्मान के योग्य? यह खंड हमें एक ऐसा विश्वास अपनाने के लिए कहता है जो पक्षपात से मुक्त हो, सभी लोगों का समान रूप से स्वागत और मूल्यांकन करे, विशेष रूप से उन लोगों का जो सबसे अधिक कमजोर हैं।

आज का सुसमाचार में, हम देखते हैं कि यीशु एक चमत्कारी चंगाई करते हैं। वे एक ऐसे व्यक्ति से मिलते हैं जो बहरा है और जिसे बोलने में कठिनाई होती है, और एक स्पर्श और एक आज्ञा के साथ, यीशु उसके कान खोलते हैं और उसकी जीभ को स्वतंत्र करते हैं। लोग आश्चर्यचकित होते हैं और घोषणा करते हैं, "उन्होंने सब कुछ अच्छा किया है; यहाँ तक कि वह बहिरों को सुनाता है और गूंगों को बोलने लायक बनाता है।" यह चमत्कार यीशु की करुणा और चंगाई और पूर्णता लाने की उनकी शक्ति को उजागर करता है। लेकिन यह कुछ और गहरा भी दर्शाता हैकृसही तरीके से सुनने और बोलने का महत्व। यीशु का चंगाई देने वाला स्पर्श हमें दूसरों की आवश्यकताओं के प्रति ध्यान देने, करुणा के साथ सुनने, और ऐसे शब्द बोलने के लिए आमंत्रित करता है जो निर्माण करते हैं न कि तोड़ते हैं। मसीह के अनुयायियों के रूप में, हमें उनके चंगाई के साधन बनने और उनके प्रेम को उन लोगों तक पहुँचाने के लिए बुलाया जाता है जो दुखी हैं।

आज के पाठ हमें परमेश्वर के प्रेम की गहराई और उसकी दया की व्यापकता की याद दिलाते हैं। यशायाह परमेश्वर के चंगाई और पुनर्स्थापना के वादे के बारे में बात करते हैं, याकूब हमें बिना पक्षपात के विश्वास को जीने के लिए बुलाते हैं, और मरकुस का सुसमाचार यीशु की करुणामय चंगाई की शक्ति को उजागर करता है। जैसे ही हम आगे बढ़ते हैं, आइए हम इन सत्य को अपने जीवन में अपनाएं, आशा प्रदान करें, समावेशिता का अभ्यास करें, और दुनिया में परमेश्वर के चंगाई देने वाले प्रेम के साधन बनें। आमीन।

पवित्र क्रूस का विजय समारोह का पर्व (14 सितम्बर)

गणना ग्रन्थ 21:4-9; या फिलिपियों 2:6-11; योहन 7:31-37

आज हम पवित्र क्रूस का विजय समारोह का पर्व को मनाने के लिए एकत्रित हुए हैं, जो हमारे उद्धार के प्रतीक के रूप में क्रूस की विजय का दिन है। यह पर्व हमें हमारे विश्वास में क्रूस के गहरे महत्व पर विचार करने और हमारे जीवन में इसके परिवर्तनकारी प्रभाव को अपनाने के लिए आमंत्रित करता है। क्रूस केवल पीड़ा और बलिदान का प्रतीक नहीं है, बल्कि आशा और उद्धार की भी एक किरण है। जैसे हम पवित्र क्रूस का सम्मान करते हैं, चलिए हम इसके महत्व को गहराई से समझें और इसे एक जीवन जीने का आह्वान मानें जो प्रेम और बलिदान से परिपूर्ण हो। क्रूस ईसाई विश्वास का केंद्र बिंदु है, जो उद्धार और सुलह का अंतिम प्रतीक है। प्रारंभिक ईसाई दिनों में, क्रूस अपमान और मृत्यु का प्रतीक था। फिर भी, यीशु

के बलिदान के माध्यम से, इसे दिव्य प्रेम और पाप और मृत्यु पर विजय का शक्तिशाली प्रतीक बना दिया गया।

योहन 3:14–15 में, यीशु स्वयं को "मनुष्य का पुत्र" के रूप में संदर्भित करते हैं, जिसे ऊपर उठाना होगा, जैसे मूसा ने रेगिस्तान में सर्प को उठाया था। "ताकि जो कोई विश्वास करे, वह उसमें अनंत जीवन पाए।" इस प्रकार, क्रूस वह उपकरण बन जाता है जिसके माध्यम से अनंत जीवन का वादा पूरा होता है। जब हम क्रूस पर विचार करते हैं, तो हम उद्धार के लिए किए गए महान बलिदान की याद दिलाते हैं। यह हमें इस बलिदान के लायक जीवन जीने के लिए चुनौती देता है। क्रूस हमें आत्म–त्याग, माफी और प्रेम के जीवन को अपनाने का आह्वान करता है। हमें अपने व्यक्तिगत क्रूसों को उठाने के लिए आमंत्रित किया जाता है, केवल शारीरिक पीड़ा में नहीं बल्कि दूसरों के प्रति प्रेम और सेवा के दैनिक कार्यों में भी।

पवित्र क्रूस का विजय समारोह का पर्व क्रूस को अपनाने के साथ आने वाले शिष्यता के आह्वान को भी उजागर करता है। यीशु हमें अपने स्वयं के क्रूसों को उठाने और उनका अनुसरण करने के लिए कहते हैं, जो बलिदान और प्रतिबद्धता की मांग करता है। मत्ती 16:24 में, यीशु कहते हैं, "यदि कोई मेरे पीछे आना चाहता है, तो उसे अपने आप को नकारना होगा और अपना क्रूस उठाना होगा और मेरे पीछे आना होगा।" यह शिष्यता का आह्वान केवल कठिनाइयों को सहन करने के बारे में नहीं है, बल्कि ईश्वर के राज्य के मूल्यों के अनुसार जीने का सक्रिय चुनाव करने के बारे में है। शिष्यता हमें क्रूस के मूल्योंकृआत्म–त्याग, विनम्रता और प्रेमकृके अनुसार जीने की आवश्यकता है। इसका मतलब है कि हम न्याय के लिए खड़े हों, जरूरतमंदों के प्रति दया दिखाएं, और जब यह चुनौतीपूर्ण हो तब भी हमारे विश्वास में अडिग रहें। क्रूस हमें रोजाना याद दिलाता है कि हमारे कार्यों को मसीह की शिक्षाओं के साथ संरेखित करें और दूसरों के लिए बलिदान करने के लिए तैयार रहें।

जबकि क्रूस पीड़ा और बलिदान का प्रतीक है, यह आशा और पुनर्जीवन की किरण भी है। क्रूस का विजय समारोह का पर्व न केवल पीड़ा का बल्कि उसकी विजय का उत्सव है, हमें याद दिलाता है कि पीड़ा के माध्यम से नई ज़िन्दगी और आशा का जन्म होता है। 1 कुरिन्थियों 1:18 में, पौलुस लिखते हैं, "क्रूस का संदेश उन लोगों के लिए मूर्खता है जो नाश हो रहे हैं, लेकिन हमारे लिए जो बचाए जा रहे हैं, यह ईश्वर की शक्ति है।" क्रूस जीवन पर मृत्यु, प्रकाश पर अंधकार, और आशा पर निराशा की विजय को दर्शाता है। जैसे हम क्रूस की ऊँचाई का सम्मान करते हैं, हमें इसे अपनी जिंदगी में आशा के स्रोत के रूप में देखना चाहिए। यह हमें आश्वस्त करता है कि हमारी पीड़ा कितनी भी गहरी हो, ईश्वर की कृपा और शक्ति उससे बड़ी है। हमारी अपनी संघर्षों में, हम इस ज्ञान में सांत्वना पा सकते हैं कि क्रूस ईश्वर के अडिग प्रेम और अंतिम उद्धार के वादे का संकेत है।

पवित्र क्रूस का विजय समारोह का पर्व हमें क्रूस को हमारे विश्वास का अंतिम प्रतीक मानने और अपनाने के लिए आह्वान करता है। यह हमें यीशु के महान बलिदान पर विचार करने, शिष्यता की मांगों को स्वीकार करने, और पुनर्जीवन के वादे में आशा खोजने के लिए आमंत्रित करता है। जैसे हम इस पर्व को मनाते हैं, चलिए हम अपने जीवन में क्रूस के मूल्यों को जीने की प्रतिबद्धता को नवीनीकरण करें, प्रेम, सेवा, और बलिदान के आह्वान को अपनाएं। क्रूस हमें प्रेरित करे कि हम उसके संदेश के योग्य जीवन जी सकें, और ईश्वर के प्रेम की परिवर्तनकारी शक्ति का गवाह बन सकें। आमेन।

वर्ष का चौबीसवाँ इतवार (15 सितम्बर)

यशायाह- 50:5-9, 6-8; याकूब 2:14-18; मरकुस 8:27-35

आज के पाठ हमें शिष्यत्व के सच्चे अर्थ और विश्वास और कर्म के संबंध पर विचार करने के लिए आमंत्रित करते हैं। ये हमें मसीह का अनुसरण करने की कीमत पर विचार करने और यह जांचने के लिए चुनौती देते हैं कि क्या हमारा विश्वास केवल एक विश्वास प्रणाली है या एक परिवर्तनकारी शक्ति जो हमें प्रेम और सेवा में कार्य करने के लिए प्रेरित करती है।

पहले पाठ में, हम यशायाह की पुस्तक से पीड़ित सेवक की आवाज़ सुनते हैं, जो परमेश्वर के प्रति अडिग आज्ञाकारिता की बात करता है, बावजूद इसके कि वह पीड़ा और उत्पीड़न का सामना करता है। सेवक घोषणा करता है कि उसने अपने मिशन से पीछे नहीं हटा, चाहे उसे मारा गया, अपमानित किया गया, और लज्जित किया गया हो। उसका परमेश्वर पर इतना गहरा विश्वास है कि वह जानता है कि उसे शर्मिंदा नहीं किया जाएगा, क्योंकि प्रभु उसकी मदद है।यह खंड हमें परमेश्वर की इच्छा के प्रति दृढ़ आज्ञाकारिता के महत्व की याद दिलाता है, खासकर विपत्ति के समय। पीड़ित सेवक का परमेश्वर के न्याय और प्रतिशोध पर भरोसा हमें हमारे बुलावे के प्रति विश्वासयोग्य रहने के लिए प्रोत्साहित करता है, विशेष रूप से जब हम चुनौतियों या विरोध का सामना करते हैं। सेवक की तरह, हमें परमेश्वर में अपना विश्वास रखना है, यह जानते हुए कि वह हमारे साथ है, चाहे हम कितनी भी कठिनाइयों का सामना करें।

दूसरे पाठ में, याकूब उस विश्वास के मुद्दे का सामना करते हैं जो कर्म के बिना है। वह सवाल पूछते हैं: "क्या लाभ है, मेरे भाइयो और बहनो, यदि कोई विश्वास का दावा करता है लेकिन उसके पास कर्म नहीं हैं?" याकूब जोर देते हैं कि सच्चे विश्वास को कर्मों से प्रमाणित किया जाता है; केवल विश्वास की घोषणा करना पर्याप्त नहीं है, उसे कार्यान्वित करना आवश्यक है। याकूब के शब्द हमें याद दिलाते हैं कि हमारा विश्वास हमारे कर्मों के माध्यम से जीना चाहिए। यह कह देना पर्याप्त नहीं है कि हम मसीह पर विश्वास करते हैं; हमारे जीवन को उस विश्वास को प्रतिबिंबित करना चाहिए, खासकर जब हम दूसरों के साथ व्यवहार करते हैं, विशेष रूप से उनकी जो जरूरतमंद हैं। यह खंड हमें अपने जीवन की जांच करने के लिए चुनौती देता हैकृक्या हम केवल विश्वास की घोषणा कर रहे हैं, या हम इसे प्रेम, परोपकार, और न्याय के कार्यों के माध्यम से सक्रिय रूप से जी रहे हैं? सच्चे शिष्यत्व के लिए एक ऐसा विश्वास आवश्यक है जो जीवित और सक्रिय हो, हमारे चारों ओर की दुनिया को बदलते हुए।

आज के सुसमाचार के पाठ में, यीशु अपने शिष्यों से एक महत्वपूर्ण सवाल पूछते हैं: "तुम मुझे क्या कहते हो?" पतरस उत्तर देता है, "तू मसीह है।" हालांकि, जब यीशु अपने आसन्न कष्ट और मृत्यु के बारे में बोलना शुरू करते हैं, तो पतरस उन्हें डांटता है, एक दुखित मसीह के विचार को स्वीकार नहीं कर पाता। इसके बाद यीशु सिखाते हैं कि सच्चे शिष्यत्व में आत्म–अस्वीकरण, अपने क्रूस को उठाना, और उनका अनुसरण करना शामिल है, यहां तक कि उनके लिए अपना जीवन खोने तक।

यह खंड हमें इस वास्तविकता से सामना कराता है कि यीशु का अनुसरण करना हमेशा आसान या आरामदायक नहीं होता। इसके लिए कष्ट को स्वीकार करने, अपनी इच्छाओं और महत्वाकांक्षाओं को छोड़ने, और मसीह को हमारे जीवन के केंद्र में रखने की आवश्यकता होती है। अपने क्रूस को उठाने का आह्वान एक कट्टरपंथी प्रतिबद्धता का आह्वान है, जिसमें बलिदान और कठिनाइयों शामिल हो सकते हैं। लेकिन यह सच्चे जीवन का भी आह्वान हैकृएक ऐसा जीवन जो मसीह में निहित हो और उनके प्रेम और

मुक्ति के मिशन में हो।

आज के पाठ हमें मसीह का अनुसरण करने का गहरा अर्थ समझने के लिए बुलाते हैं। यशायाह पीड़ित सेवक के परमेश्वर पर अडिग विश्वास की बात करते हैं, याकूब हमें अपने विश्वास को कर्मों के माध्यम से जीने की चुनौती देते हैं, और यीशु हमें शिष्यत्व की कीमत स्वीकार करने के लिए आमंत्रित करते हैं। जैसे ही हम इन पाठों पर विचार करते हैं, आइए हम परमेश्वर से अनुग्रह मांगें कि हम विश्वासयोग्य सेवक बनें, अपने विश्वास में सक्रिय हों, और अपने क्रूस को उठाकर मसीह का अनुसरण करने के लिए तैयार रहें, चाहे वह हमें जहां भी ले जाए। आमीन।

वर्ष का पचीसवाँ इतवार (22 सितम्बर)

प्रज्ञा ग्रन्थ - 2:12, 17-20; याकूब 3:16-4:3; मरकुस 9:30-37

आज के पाठ हमें ज्ञान, विनम्रता, और ईश्वर के राज्य में सच्ची महानता के अर्थ पर चिंतन करने के लिए प्रेरित करते हैं। ये हमें सांसारिक मूल्यों और दिव्य ज्ञान के बीच अंतर करने, विनम्रता को बढ़ावा देने, और समझने के लिए चुनौती देते हैं कि ईश्वर की दृष्टि में महानता हमारी सेवा करने की तत्परता से मापी जाती है।

प्रथम पाठ में, प्रज्ञा की पुस्तक से हम अधर्मी लोगों की आवाज़ सुनते हैं, जो धर्मी के खिलाफ साजिश कर रहे हैं। वे धर्मी व्यक्ति से ईर्ष्या करते हैं क्योंकि उनका जीवन और शब्द उनकी बुराई को उजागर करते हैं। वे उसे कष्ट और अपमान के साथ परखने का निर्णय लेते हैं, यह विश्वास करते हुए कि यदि वह वास्तव में धर्मी है, तो ईश्वर उसकी रक्षा करेगा। यह पाठ हमें अच्छाई और बुराई, धर्म और अधर्म के बीच चल रहे संघर्ष की याद दिलाता है। यह हमें बताता है कि सत्यनिष्ठा और धर्म की जीवनशैली अपनाने पर अक्सर विरोध और उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है। धर्मी व्यक्ति का ईश्वर की इच्छा के प्रति समर्पण अंधकार में रहने वालों के लिए एक चुनौती होती है। मसीह के अनुयायियों के रूप में, जब हम सत्य और न्याय के लिए खड़े होते हैं, तो हमें भी इसी प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। यह पाठ हमें अपने विश्वास में अडिग बने रहने के लिए प्रेरित करता है, यह जानते हुए कि जब हम सही कार्य करते हुए परीक्षाओं और विरोध का सामना करते हैं, तब भी ईश्वर हमारे साथ है।

दूसरे पाठ में, याकूब सांसारिक ज्ञान और दिव्य ज्ञान के बीच अंतर बताते हैं। वे इंगित करते हैं कि जहाँ ईर्ष्या और स्वार्थी महत्वाकांक्षा होती है, वहाँ अराजकता और हर प्रकार की बुराई मौजूद होती है। इसके विपरीत, जो ज्ञान ऊपर से आता है वह शुद्ध, शांति–प्रिय, विचारशील, विनम्र, दयालु, अच्छे फलों से भरा, निष्पक्ष और ईमानदार होता है। याकूब हमें अपने उद्देश्यों के स्रोत की जांच करने की चुनौती देते हैं। क्या हम स्वार्थी महत्वाकांक्षा, ईर्ष्या, या अहंकार से प्रेरित हैं, या हम ईश्वर से प्राप्त ज्ञान के अनुसार जीने का प्रयास कर रहे हैं? दिव्य ज्ञान हमें शांति, विनम्रता, और धर्म का अनुसरण करने के लिए प्रेरित करता है, विशेष रूप से दूसरों के साथ हमारे संबंधों में। यह पाठ हमें हमारे निर्णयों और कार्यों में ईश्वर के ज्ञान की तलाश करने, और हमारी समुदायों में विनम्रता और शांति की भावना को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करता है।

सुसमाचार में, यीशु अपने शिष्यों को अपने आगामी दुख और मृत्यु के बारे में सिखाते हैं, लेकिन वे

इसे समझ नहीं पाते। इसके बजाय, वे अपने बीच में यह तर्क करते हैं कि कौन सबसे बड़ा है। यीशु, उनके हृदय को जानते हुए, उन्हें सिखाते हैं कि ईश्वर के राज्य में सच्ची महानता स्थिति या शक्ति में नहीं, बल्कि विनम्रता और सेवा में है। वे एक बच्चे को लेते हैं, जो उनके समाज में निम्न स्थिति और असुरक्षा का प्रतीक था, और कहते हैं कि जो कोई इस बच्चे को मेरे नाम पर स्वीकार करता है, वह मुझे स्वीकार करता है। यीशु दुनिया की महानता की अवधारणा को उलट देते हैं। ईश्वर के राज्य में, सबसे महान वे हैं जो दूसरों की सेवा करते हैं, विशेष रूप से कमजोर और हाशिए पर पड़े लोगों की। यह पाठ हमें अपनी महत्वाकांक्षाओं पर पुनर्विचार करने और अपनी सफलता को शक्ति या स्थिति से नहीं, बल्कि दूसरों की सेवा करने की हमारी क्षमता से मापने के लिए प्रेरित करता है। यीशु की शिक्षा हमें ईश्वर के प्रति खुलेपन, विश्वास, और निर्भरता में बालक के समान होने का आह्वान करती है, यह पहचानते हुए कि जब हम दूसरों की सेवा करते हैं, तो हम स्वयं मसीह की सेवा करते हैं।

आज के पाठ हमें दिव्य ज्ञान को अपनाने, विनम्रता को बढ़ावा देने, और सेवा के माध्यम से सच्ची महानता की तलाश करने के लिए प्रेरित करते हैं। प्रज्ञा की पुस्तक हमें धर्मी जीवन जीने में आने वाली चुनौतियों की याद दिलाती है, याकूब हमें ऊपर से आने वाले ज्ञान की तलाश करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, और यीशु हमें सिखाते हैं कि ईश्वर के राज्य में महानता विनम्रता और सेवा में पाई जाती है। जैसा कि हम आज यहां से जाते हैं, आइए हम इन शिक्षाओं को अपने जीवन में जीने की कृपा की मांग करें, ईश्वर के ज्ञान को अपनाने, विनम्रता से दूसरों की सेवा करने, और प्रेम और सेवा के माध्यम से महानता की तलाश करने का प्रयास करें। आमेन।

वर्ष का छब्बीसवाँ इतवार (29 सितम्बर)

गणना ग्रन्थ - 11:25-29; याकूब 5:1-6; मरकुस 9:38-43,45,47-48

आज के पाठ हमें समावेशिता, न्याय, और शिष्यत्व के गंभीर आह्वान के शक्तिशाली विषयों से अवगत कराते हैं। हमसे आग्रह किया गया है कि हम आत्मा की गति पर कैसे प्रतिक्रिया करते हैं, हम धन और शक्ति का कैसे प्रबंधन करते हैं, और मसीह का अनुसरण करने की कट्टर मांगों पर विचार करें। ये अंश हमें भगवान की इच्छा के साथ हमारे जीवन को अधिक निकटता से संरेखित करने और एक ऐसे तरीके से जीने के लिए चुनौती देते हैं जो उनके प्रेम, न्याय, और सत्य को दर्शाता है।

आज का पहला पाठ गणना ग्रन्थ से से लिया गया है और इसमें हम देखते हैं कि एक क्षण आता है जब ईश्वर की आत्मा इस्राएल के सत्तर बुजुर्गों पर आती है, जिससे वे भविष्यवाणी करने लगते हैं। हालाँकि, जब दो आदमी, एल्दाद और मेदाद, जो दूसरों के साथ उपस्थित नहीं थे, शिविर में भविष्यवाणी करने लगते हैं, जोशुआ, जो मूसा का सहायक था, चिंतित हो जाता है और मूसा से उन्हें रोकने के लिए कहता है। मूसा एक गहन खुलेपन के साथ प्रतिक्रिया करता है, यह व्यक्त करते हुए कि वह चाहता है कि भगवान की सभी प्रजा भविष्यवक्ता बने और भगवान उन पर अपनी आत्मा डाले। यह अंश हमें भगवान की आत्मा की समावेशिता के बारे में सिखाता है। मूसा की प्रतिक्रिया हमें उन अप्रत्याशित स्थानों और लोगों में आत्मा के कार्य के लिए खुले रहने की चुनौती देती है। बहुत बार, हम जोशुआ की तरह हो सकते हैं, यह नियंत्रित करना चाहते हैं कि भगवान कैसे और कहाँ काम करते हैं। लेकिन भगवान की आत्मा हमारी अपेक्षाओं या सीमाओं से बंधी नहीं है। हमें उन विभिन्न तरीकों का जश्न मनाने और समर्थन करने के लिए बुलाया गया है

जिनमें भगवान की आत्मा अपने लोगों के बीच काम करती है, यह पहचानते हुए कि उनकी कृपा और उपहार सभी के लिए उपलब्ध हैं, न कि केवल कुछ चुनिंदा लोगों के लिए।

दूसरे पाठ में, याकूब उन धनी लोगों के लिए कड़ी चेतावनी देते हैं जिन्होंने दूसरों की कीमत पर संपत्ति जमा की है। वह उन अमीरों की निंदा करते हैं जिन्होंने संपत्ति जमा की है जबकि अपने कामगारों को उचित मजदूरी से वंचित किया है। याकूब चेतावनी देते हैं कि उनकी संपत्ति सड़ जाएगी और उनका आत्म–लिप्तता उनके पतन का कारण बनेगी। यह अंश हमें धन के खतरों और इसके साथ आने वाली जिम्मेदारियों की शक्तिशाली याद दिलाता है। याकूब हमें अपनी संपत्ति और धन के साथ हमारे संबंध की जांच करने के लिए बुलाते हैं। क्या हम अपने संसाधनों का उपयोग दूसरों की सेवा करने और न्याय को बढ़ावा देने के लिए कर रहे हैं, या हम आवश्यकता में पड़े लोगों की कीमत पर संपत्ति जमा कर रहे हैं और आनंद ले रहे हैं? चुनौती यह है कि हम ईमानदारी, उदारता, और न्याय के साथ जीवन जीएं, यह पहचानते हुए कि सच्ची संपत्ति भौतिक संपत्ति में नहीं है, बल्कि एक ऐसा जीवन जीने में है जो भगवान का सम्मान करता है और दूसरों की सेवा करता है।

आज के सुसमाचार में, हम एक मुठभेड़ के बारे में सुनते हैं जहाँ शिष्य किसी को मना करने की कोशिश करते हैं जो यीशु के नाम में राक्षसों को निकाल रहा था क्योंकि वह उनके समूह का हिस्सा नहीं था। हालांकि, यीशु उन्हें मना करने के लिए नहीं कहते, यह कहते हुए कि "जो हमारे खिलाफ नहीं है वह हमारे लिए है।" वह फिर उन लोगों को ठोकर खाने से बचाने के गंभीरता पर बात करते हैं और अपने अनुयायियों से कट्टर प्रतिबद्धता की आवश्यकता पर जोर देते हैं, उन्हें अपनी ज़िंदगी से किसी भी चीज़ को हटा देने के लिए कहते हैं जो उन्हें पाप की ओर ले जाती है। यीशु के शब्द हमें एक गहरे और अधिक कट्टर शिष्यत्व की चुनौती देते हैं। वह हमें समावेशी होने के लिए बुलाते हैं, उन लोगों को पहचानने और समर्थन करने के लिए जो उनके नाम में काम करते हैं, भले ही वे हमारे निकट समूह का हिस्सा न हों। यह अंश हमें अपने जीवन की जांच करने के लिए भी प्रेरित करता है और उन चीजों को हटाने के लिए कहते हैं जो हमारे भगवान के साथ संबंध में बाधा डालती हैं या हमें पाप की ओर ले जाती हैं। यह एक कट्टर परिवर्तन की पुकार है, जहाँ कुछ भीकृयहाँ तक कि वे चीजें जिनकी हम सबसे ज्यादा परवाह करते हैंकृमसीह और उनके मिशन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता से पहले नहीं आनी चाहिए।

आज के पाठ हमें भगवान की आत्मा की समावेशिता को अपनाने, अपने धन का सावधानीपूर्वक उपयोग करने, और शिष्यत्व की कट्टर मांगों के प्रति प्रतिबद्धता जताने के लिए चुनौती देते हैं। गिनती की पुस्तक हमें याद दिलाती है कि भगवान की आत्मा उन तरीकों से काम कर रही है जो हमें आश्चर्यचकित कर सकते हैं; याकूब हमें धन के खतरों की चेतावनी देते हैं और न्याय की मांग करते हैं; और यीशु हमें एक गहरे, अधिक प्रतिबद्ध अनुकरण के लिए आमंत्रित करते हैं, एक ऐसा जो हमें हमारे जीवन में किसी भी चीज़ को हटाने के लिए कहता है जो उनके साथ हमारे संबंध में बाधा बनता है। जैसा कि हम इन अंशों पर विचार करते हैं, हम उन शिक्षाओं को अपने जीवन में जीने की प्रेरणा मांगते हैं, भगवान की आत्मा के प्रति खुले रहने, न्याय के साथ व्यवहार करने, और मसीह का अनुसरण करने के लिए कट्टर रूप से प्रतिबद्ध होने के लिए।

आमीन।

– फा. एलियास निरंजन

संत फ्रांसिस ज़ेवियर

संत फ्रांसिस ज़ेवियर सभी युगों के महान संतों में से एक हैं। स्पेन देश में जन्में मात्र 24 वर्ष की अवस्था में पेरिस में व्याख्याता बने। लोएला के संत इग्नासियुस से प्रभावित हो, येसु समाज के निर्माता–सदस्यों में एक थें ईश्वर के प्रेम से प्रज्ज्वलित और आत्माओं के प्यासे संत फ्रांसिस ने भारत, श्रीलंका, सिलोन, मलक्का और जापान में धर्म का प्रचार किया और लाखों लोगों को बपतिस्मा दिया। उन्होंने अनेक चमत्कार किए। यहां तक कि एक जवान युवक को जीवन भी दिया। इन्हें बहुत दुःख झेलना पड़ा, लेकिन एक रहस्यवादी होने के नाते आध्यात्मिक हर्षोन्माद (उल्लास) की अवधि भी थी। चीन की यात्रा करने के दौरान सेंचियन द्वीप के किनारे बुखार के कारण इनका देहान्त हुआ। बोन ज़ीजस बसीलिका में सुरक्षित रखा इनका अक्षत शरीर पवित्रता का द्योतक है।



प्रारंभिक जीवन :

फ्रांसिस का जन्म उनकी माता के जेवियर नामक गढ़ में 7 अप्रैल सन् 1506 में हुआ था। स्पेनिश समयगत परंपरानुसार माता–पिता के किसी एक के उपनाम पर बच्चे का उपनाम रखा जाता था। अतः इन का उपनाम माता पर रखा गया था। जेवियर परिवार नवारा राज्य में महान, शक्तिशाली और प्रसिद्ध था। फ्रांसिस सबसे छोटा पुत्र था। उसके पिता जुआन डे जस्सो नवारा के सम्राट अल्बर्ट प्रथम की महासभा के अध्यक्ष थे।

फ्रांसिस की बाल्यावस्था में ही लगातार युद्ध के कारण इस स्वाभिमानी परिवार की बरबादी हुई। इनके गढ़ व दुर्ग ध्वस्त किए गए, जमीनें जब्त कर ली गयी और उनपर भारी कर थोपे गए। इनके घरेलु अध्यापक ने इन्हें लैटिन में शिक्षा दी और धर्मपरायण माता–पिता ने इन्हें धार्मिक सिद्धान्तों की तालीम दी। इनकी दिलचस्पी सीखने में थी। जबकि इनके सभी भाईयों ने सेना को अंगीकार किया। 18 वर्ष की आयु में इनके माता–पिता ने इन्हें सुप्रसिद्ध पेरिस के कॉलेज संत बारबरा में भेजा और सन् 1524 में दर्शन–शास्त्र का अध्ययन शुरु किया।

पेरिस में फ्रांसिस का जीवन बड़ा ही शानदार था, एक असाधारण विद्यार्थी, खेलकूद में चेंपियन और एक आकर्षक व्यक्तित्व के धनी थे। यहां पर ही इनकी मुलाकात एक अत्यंत ही मेघावी जवान पीयरे फवरे से हुई और यह मुलाकात दोनों के बीच व्यक्तिगत दोस्ती में बढ़ी।

मन-परिवर्तन :

युवक फ्रांसिस एक महत्त्वाकांक्षी थे और उनकी तीव्र अभिलाषा थी कि संसार में एक बौद्धिक प्रकाश पुंज की तरह चमके लेकिन प्रभु येसु के ये कथन आड़े आते थे। ''मनुष्य को क्या लाभ? यदि वह सारा संसार तो कमा ले, लेकिन अपनी आत्मा को गंवा दे।'' इग्नासियुस जिनको इनुगा भी कहते थे, फ्रांसिस के साथ कमरे में रहते थे। इनुगो चलते समय कुछ लंगड़ाते थे। उनका बीता हुआ जीवन अनोखा था। इनुगो लोएला के दुर्ग में जन्मे थे। वे एक सैनिक थे और केस्टिलो तथा आरागोन के लिए लड़ते थे जबकि फ्रांसिस के दोनों अग्रज फ्रांस के लिए लड़ रहे थे।

इनुगो नाम, वैभव, ताकत और धन का स्वप्न देखा करते थे। लेकिन यह स्वप्त पम्पेलुना के युद्ध में ही उनके पैर के साथ ही धराशायी हो गया। जब

ये अपने पुरखों के घर लोएला में लगभग 13 महीने शय्या पर ही थे, तब ईश्वर ने इनुगो के जीवन केन्द्र में प्रवेश किया, और कहते हैं तब से ही इस नई निधि को किसी के साथ साझा करने के लिए तड़प रहे थे।


इनुगो ने पेरिस में संत बारबरा कॉलेज में प्रवेश लिया, उन्होंने अपना नाम परिवर्तन किया और अब वे इग्नासियुस बन गए। जेवियर और इग्नासियुस एक ही कमरे में रहने लगे। जब फ्रांसिस से इनका संपर्क आत्मीय हुआ, तो इग्नासियुस ने इस जवान में अनगिनत अच्छाईयों व बुराईयों को पहचाना। जेवियर ने इग्नासियुस के सामर्थ्य को महसूस किया, लेकिन इस ईश–मानव की इच्छापूर्ति में आने वाली चुनौतियों और जोखिमों को भी भांप गए।

एक झंझावत से तो उभर नहीं पाए कि अब दूसरा उठ खड़ा हुआ, लेकिन यह पहले से भिन्न था। 1528 की बात है, कि फ्रांसिस, कॉलेज में अरीसटोटिल दर्शन–शास्त्र के व्याख्याता नियुक्त किए गए और 1530 में इन्होंने एम.ए. की उपाधि प्राप्त की। क्रमशः

– फा. जोसफ सुन्नी

सन्त मत्ती

सन्त मत्ती बारह शिष्यों में से एक थे। व नाकेदार था जिसे येसु ने शिष्य बनने को बुलाना। उन्हें अरमायिर युनानी और इब्रानी भाषाओ में उत्कृष्ट ज्ञान प्राप्त करना भी आवश्यक था। प्रेरित मत्ती पहली शताब्दी के थे। अधिकांश विद्वान यह विश्वास करते हैं कि ईसा का कथन का संग्रहण जो स्रोत के नाम से जाना जाता है और मारकुस के सुसमाचार को साम्मलित करके मत्ती ने अपना ग्रन्थ लिखा है। यह पुस्तक युनानी भाषा में लिखी गई थी।



अधिकतर विद्वान यह मानते हैं कि मत्ती मारकुस और स्रोत से विषय वस्तु को लिया है। कलीसिया और यहूदी सभागृहों के बीच हुए मनमुटाव और मतभेद तीव्रता से उच्चत्तम सीमा तक पहुँच गए थे। यहूदियों के खाद्य कानून से आजादी की उद्घोषणा नव दीक्षितों के खतना के बदले बपतिस्ता सभी राष्ट्रों को ईसा की शिक्षा देने की आज्ञा अन्तिम वाक्यों में पवित्र त्रित्व सम्बन्धी सूत्र। अतः अधिकतर विद्वान मानतें हैं कि मत्ती का सुसमाचार लगभग ई.स. 80 और 90 के बीच लिख गया था।

सुसमाचार की रचना में यहूदी मसीहियों का विशेष घ्यान दिया गया है। सुसमाचार की व्यापकता और स्वीकृति यह सूचित करती है कि ग्रन्थ की रचना एक समृद्व नगर में हुई। सुसमाचार में पेत्रुस को प्रधानता दी गई। वह अन्ताखिया का धर्माघ्यक्ष था। इन सब बातों को मन में रख कर अधिकतर विद्वान यह मानते हैं कि सुसमाचार की रचना का स्थान अन्ताखिया है।

लेखक का उद्देश्य : पुराने विद्यान में दिये गये उदाहरण और संकेत द्वारा मत्ती का सुसमाचार दर्शाता है कि ईसा पुराने विघान में दिये गये भविष्यवाणियों की परिपूर्णता है, ताकि हम यह विश्वास करे कि पुराने विघान को मसीही दृष्टिकोण से पढने में मदद मिल सके। लेखक चाहता था कि उसके पाठक ईसा को सारे मानव के मुक्दिाता के रूप में स्वीकार करें। लेखक कलीसिया के अगुवों को सहायक के रूप में अपनी एक छोटी पुस्तिका के रूप में पेश करता हैं। साथ साथ लेखक उन आलोचकों को उत्तर देता है जो ईसा और उसकी

शिक्षा की आलोचना कर रहे थे।

शैली :– शुरूआत से अन्त तक, मत्ती की पुस्तक के सारे वृतान्तों का उद्देश्य ईश्वर के द्वारा सम्पन्न किया हुआ मुक्ति कार्य है। इस कारण इस ग्रन्थ को "सुसमाचार" कह सकते हैं। यह ईश्वर के प्रेम का शुभ सन्देश है।

मुख्य विषय : – ईसा पुराने विधान को पूरा करने आये हैं। सुसमाचार में पुराने विधान से साठ अवतरण दिये गये हैं। इन अवतरणों में से दस महत्वपूर्ण अवतरणों में "पूरा हुआ" शुद्ध–समूह को पाते हैं।

नवीन धार्मिकताः – मत्ती के सुसमाचार का खीस्तीय समुदाय रूढ़ीवादी यहूदी और मुक्त भाव के युनानी मसीहियों से बना हुआ था। इन दो समूहों के बीच तनाव था। मत्ती अपने पाठकों को मूसा की संहिता का पालन करने के लिए कहते हैं, लेकिन उसे सही तरह समझना है। मत्ती नवीन धार्मिकता के बारे में शिक्षा देते हैं। सिर्फ ईश्वर को होठों से आदर करना धार्मिकता नहीं है। केवल सुसमाचार सुनाना की धार्मिकता नहीं है। ईश्वर की इच्छा पूरा करना ही नवीन धार्मिकता है। सब से बडी और पहली आश है केवल प्रेम मात्र से हम मुक्ति प्राप्त कर सकते हैं।

स्वर्ग का राज्य :– ईसा अपनी शिक्षा में स्वर्ग के राज्य को बहुत महत्व देते हैं। केवल मत्ती के सुसमाचार में ही हम शुद्व समूह को पाते हैं। अन्य सुसमाचार इन शब्द समूह के बदले ईश्वर का राज्य शुद्व समूह का प्रयोग करते हैं। यहूदी ईश्वर का नाम नहीं लेना चाहते हैं। यह सुसमाचार मसीहियों के लिए लिखा गया है। ईसा के द्वारा घोषित राज्य यहूदी नेताओं के द्वारा माने हुए सांसारिक राज्य से भिन्न है। स्वर्ग का राजय केवल इस संसार का नहीं है। बल्कि यह हमारी अंतर्तम में भी बसा हुआ है। इस राज्य में ईश्वर का शासन है। यह प्रेम,अनुकम्पा,समानता और न्याय जैसे मूल्यों पर आधारित है। यह ईश्वर का उपहार है।

ईसा का स्वरूप :– ईसा वह ईश्वर का अभिषिक्त है जिसकी प्रतीक्षा यहूदी कर रहे थे। ईसा इब्राहिम के वंश से उत्पन्न हुआ है जिससे पृथ्वी के सारे राष्ट्रों का कल्याण होगा। "वह इम्मानुएल है"। उनके द्वारा ईश्वर हमारे साथ है। वह हमारी प्ररिताई में हमारे साथ देगा। ईसा ईश्वर का पुत्र है क्योंकि उसका जन्म "पवित्र आत्मा" से हुआ है। ईसा विनम्र होकर अपने आपको "मानव पुत्र"के रूप में स्वीकार करते हैं। क्रमशः

(शेष अगले अंक में)

– सि. दियोनिस्या, पी.एस.ए

संतों के चरण चिन्हों में

स्पेन का शहीद सरगोसा का संत विन्सेंट

विन्सेंट का जन्म स्पेन देश में सरगोसा नामक स्थान में हुआ। उसके पिता का नाम यूथीशियस और मां का नाम एनोला था। विन्सेंट का अधिकतर समय सरगोसा में बीता जहां से उसने शिक्षा प्राप्त की, साथ ही काथलिक धर्म को अपनाया। सरगोसा के बिशप वलेरियस ने उन्हें डीकन बनाया और पूरे धर्मप्रांत में उपदेश देने का कार्यभार सौंपा क्योंकि बिशप को भाषण देने में कुछ बाधाएं थी। अतः विन्सेंट उनके प्रवक्ता के रूप में कार्य करता था।

जब रोमी सम्राट दियोक्लेशन ने स्पेन देश में धार्मिक सतावट प्रारंभ की, तब बिशप के नाम से विन्सेंट बोलते थे। अतः दोनों को रोमन गवर्नर के सम्मुख प्रस्तुत किया गया। गवर्नर की आज्ञा से दोनों बंदी बनाये गये और लंबे समय तक वे कैद में रहे। अंत में बिशप को देश से निर्वासित कर दिया गया और विन्सेंट को विभिन्न प्रकार की यात्नाएं दी गयी। उसे एक शिकंजे में फंसाकर तथा ऊपर से लोहे की जाली रखकर गर्म किया गया। उसके घावों पर नमक और मिर्च लगाये गये। इन सबके बावजूद भी वह अपनी ऑखें स्वर्ग की ओर उठाकर अविचलित रहता था। इस क्रूरता से भी वह विचलित नहीं हुआ,



देखकर दुबारा उसे एक एकान्त कोठरी में बंद कर दिया जिसके फर्श पर कांच के टुकड़े बिछे हुए थे।


विन्सेंट ने बताया कि उस काल कोठरी में ईश्वर ने अपने दूतों को भेजकर उसे सांत्वना दी और एक दिव्य प्रकाश से वह कोठरी जगममगा उठी। उसे ऐसा महसूस हुआ कि फर्श पर गुलाब की पंखुड़ियां बिछी हैं जिनकी खुशबू से सारा वातावरण सुगन्धित हो उठा। वह स्वयं ईश्वर की महिमा का गीत गाता रहता था जिसे देखकर जेलर स्वयं आश्चर्य चकित हो गया और उसी क्षण उसका मनपरिवर्तन हुआ।

यह सब देख सुनकर गवर्नर भी आश्चर्यचकित हो गया। उसने देखा कि क्रूरता से वह विन्सेंट के मन को नहीं बदल सकता। अब दया और प्रेम दिखाकर उसे शहादत से रोकने का निर्णय लिया। विन्सेंट को पूरा आराम दिया गया। विश्वासियों को अनुमति दी गयी कि वे उससे मिलें। गवर्नर ने सोचा था कि विन्सेंट की हालत देखकर वे अपना विश्वास त्याग देंगे। किन्तु झुंड के झुंड लोग आकर विन्सेंट के घावों को चूमते और उसके घावों का स्पर्श कर अपने कपड़ों को तबरूख के रूप में संभालते थे। जब सम्राट दियोक्लेशन को सूचना मिली कि विन्सेंट ने किस प्रकार पर जीत पायी है तो वह क्रोध से पागल हो गया। फिर भी उसने उनका एक अंतिम परीक्षण करने की आज्ञा दी। उन्होंने कहा, विन्सेंट के सब घावों को साफ कर उनका इलाज करो। उसे सबसे आरामदायक कमरे में सुलाओ और सबसे मुलायम वस्त्र उसे पहनाओ और ऐसे पलंग पर सुलाओ जिसमें पंख बिछे और गुलाब की पंखुड़ियां हों। दियक्लेशन ने भी यही सोचा कि क्रूरता से जो काम संभव नहीं हुआ, वह प्रेम से पूरा होगा। किन्तु वह संभव नहीं हुआ। उसी पलंग पर वह शहीद हुआ। वह दिन था 22 जनवरी सन 304, सब अधिकारियों का क्रोध भड़क उठा और उसका मृत शरीर एक दलदल में फेंक दिया गया। एक काले कौए ने सब पक्षियों से उसकी रक्षा की। अंत में गवर्नर ने वह मृत देह एक बोरे में डालकर पत्थर से बांधकर उसे समुद्र में डलवाया। लेकिन वह तट पर पाया गया और भक्त ख्रीस्तीयों ने उन्हें दफना दिया। सतावट का अंत होने पर उनकी समाधी पर एक गिरजाघर बनवाया गया जो वलेन्सिया में स्थित है। 312 ई. से उनकी पुण्यतिथि 22 जनवरी को मनायी जाती है और उन्हें स्पेन का प्रथम शहीद माना जाता है।

– सि. क्लारीसा, पी.एस.ए.



Fr. William Barrocas	07/09/1938
Fr. Mukesh Rawat	26/09/1963
Fr. Amit Roshan	28/09/1989
Fr. Shubham Baryawal	09/09/1995



✞ Fr. Bonaventure OFM Cap 27/09/1989





CONGRATULATIONS DEAR DEACON ANAND ON RECEIVING DIACONATE



GRANDPARENTS' DAY ST. TERESA CHURCH, JODHPUR



GRANDPARENTS' DAY CELEBRATION, ST. MOTHER TERESA CHURCH, KUDI



FEAST DAY CELEBRATION, TONK



GRANDPARENTS' DAY ST. PAUL'S CHURCH, VALLABH NAGAR



GRANDPARENTS' DAY, MALAROAD, KOTA






YOUTH SUNDAY CELEBRATION, ST. THOMAS CHURCH, BALOTRA



GRANDPARENTS' DAY, HOLY ROSARY CHURCH, MADAR



ST. MARY CHURCH'S FEAST, NASIRABAD





Printed Matter

Edited and Published by :

Fr. Santhosh Francis

with Ecclesiastical Approval

FOR PRIVATE CIRCULATION

Email ID : rajcallingajmer@gmail.com

If undelivered please return to :

THE EDITOR, (R.C.)

Pastoral Centre

Near Power House, Madar

Ajmer 305 024 (Raj.)